per.amarujala.com

# ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए लगी चौपाल

संवाद न्यूज एजेंसी

बनकटी। गांवों को सशक्त बनाने के लिए जनयोजना अभियान के तहत दुबौली खुर्द, सिकरा बरगाह, लगुनही में बुधवार को चौपाल लगाई गई।

डीपीआरओ रतन कुमार, बीडीओ भवानी प्रसाद शुक्ल, ब्लौक प्रमुख प्रतिनिधि रघुनाथ सिंह, अभय सिंह यादव सहित अधिकारियों जन प्रतिनिधियों की

## नौ बिंदु वाली थीम के तहत विकास की कार्ययोजना बनाने की पहल

उपस्थिति में 70 वर्षीय बुजुर्गों को अंगवस्त्र व मां के नाम पौधा देकर सम्मानित किया गया।

विकास के लिए थीम के अनुसार कार्ययोजना बनाकर गांव को सशक्त बनाने की जानकारियां दी गई। इसके पूर्व महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया । संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के अभय सिंह यादव ने किया।

डीपीआरओ ने कहा कि गांवों के विकास के लिए बिंदुवार स्वस्थ गांव, बाल हितैशी गांव , पर्याप्त जल उपलब्धता, स्वच्छ हरा भरा गांव, सामाजिक रुप से सुरक्षित गांव , शुशासन , गांव में विकास , गरीबी मुक्त और आजीविका में वृद्धि आदि नौ थीम निर्धारित किया गया है।